संख्या 13/21/93-का-1/98

प्रेषक,

सुधीर कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1—समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

2—समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

3—समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ : दिनांक 27 जून, 1998

विषय :—अधिकारियों द्वारा उद्घाटन एवं शिलान्यास न किया जाना ।

कार्मिक अनुभाग-1

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पूर्व निर्गत पार्श्वांकित शासनादेशों को संदर्भित करते हुए दिनांक 2 फरवरी, 1995 को निर्गत समसंख्यक शासनादेश के माध्यम से यह आदेश निर्गत किये गये थे कि अधिकारीगण कोई भी उद्घाटन एवं शिलान्यास न करें अथवा ऐसे अन्य समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग न लें । किन्तु शासन के संज्ञान में आया है कि संदर्भगत शासनादेशों में निहित आदेशों/निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है ।

1-सं0 बी-1752/का-1/82, दिनांक 10-12-82
2-सं0 16/2/83-का-1, दिनांक 15-04-83
3 सं0 3 ए0 क्यू0/का-1/88, दिनांक 21-04-1988
4-स0 13/21/93-का-1/93, दिनांक 4-06-1993

2—अतः मुझसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त निर्देशों को अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों को पुनः अवगत करा दें कि इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें ।

भवदीय,
सुधीर कुमार,
सचिव ।

संख्या 13/21/93 का-1/98, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

आज्ञा से,
के0 एम0 लाल,
विशेष सचिव ।

पी0 एस0 यू0 पी0—ए0 पी0 27 सा0 नियुक्ति—28-9-98—(1284)—1998—2,000 (मेके0) ।